## एक नजर में

### दसवां राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस मना





**उज्जैन।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी दसवां राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस भव्यता के साथ मनाया जाएगा। भारत सरकार के आयुष मंत्रालय ने घोषणा की है कि अब प्रतिवर्ष राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस 23 सितंबर को मनाया जाएगा। खगोलविदों के अनुसार 23 सितंबर को दिन और रात बराबर होते हैं, यह शरद विषुवत की तिथि है। जो प्रकृति में संतुलन का प्रतीक है। यह संतुलन आयुर्वेद के मूल सिद्धांत शरीर मन और आत्मा के बीच सामंजस्य से मेल खाता है। यह प्राकृतिक संतुलन एवं समरसता का प्रतीक है। पूर्व में प्रतिवर्ष धनतेरस की तिथि को आयुर्वेद दिवस मनाने की परंपरा रही थी। क्योंकि तिथि की अनिश्चित के कारण राष्ट्रीय व वैश्विक स्तर पर आयोजन करना कठिन था। आगामी दशक में धनतेरस की तिथि 15 अक्टूबर से 12 नवंबर के बीच बदलती रहेगी। इसलिए केंद्र सरकार ने 27 मार्च को जारी अधिसूचना के माध्यम से घोषणा की कि प्रति वर्ष 23 सितंबर को आयुर्वेद दिवस मनाया जाएगा। यह तिथि स्थिर एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त खगोलीय घटना पर आधारित है जिससे वैश्विक आयोजनों में एकरूपता होगी। दसवे राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस की थीम है आयुर्वेद जन-जन के लिए पृथ्वी के कल्याण के लिए। इस अवसर पर संपूर्ण भारत में आयुर्वेद महाविद्यालय, चिकित्सालयों, औषधालयों शोध केंद्रों एवं अन्य संबंधित संस्थान आयुर्वेद दिवस मनाएंगे। इस पहल का उद्देश्य है आयुर्वेद को जन-जन तक पहुंचाना। इस अवसर पर लोगों को आयुर्वेद के सिद्धांतों और स्वास्थ्य लाभों के बारे में जागरूक किया जाएगा। शैक्षणिक संस्थानों में पौधारोपण के कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

### दशहरे पर निकलेगा पथ संचलन

**उज्जैन।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इस विजयादशमी पर अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण करने जा रहा है। संघ शताब्दी वर्ष का शुभारंभ विजयादशमी उत्सव पर्व के साथ ही शुरू हो जाएगा, जो आगामी वर्ष तक मनाया जाएगा। जिसे लेकर स्वयंसेवकों में काफी उत्साह है। उज्जैन महानगर के स्वयंसेवक विजयादशमी पर निकलने वाले पथ संचलन को ऐतिहासिक बनाने के उद्देश्य से एक माह से घर-घर संपर्क अभियान चलाकर संचलन में चलने और परिवार सहित संचलन को देखने के लिए आमंत्रित कर रहे है। साथ ही नए स्वयंसेवकों को जोड़ने का अभियान भी जारी है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, उज्जैन महानगर प्रचार प्रमुख ओजस व्यास ने बताया कि संघ उज्जैन महानगर के सात अलग-अलग नगर ( स्थानों ) से संचलन निकालने की तैयारियां युद्ध स्तर पर कर रहा है। प्रत्येक नगर से लगभग ढाई हजार से तीन हजार स्वयंसेवकों के संचलन में निकलने की योजना बनाई गई। लगभग 20 हजार स्वयंसेवकों के संचलन में चलने का अनुमान है। संचलन के लिए गणवेश वितरण का कार्य भी तेजी से चल रहा है। जिन लोगों के पास गणवेश नहीं है उन्हें उपलब्ध करवाया जा रहा है। इस दौरान समाज के लोग संचलन का स्वागत भी करेंगे।

### राजमिस्त्री प्रशिक्षण संपन्न

**उज्जैन।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत प्रधानमंत्री आवास के कार्य समय सीमा में संपन्न करने की श्रृंखला में स्टार ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (बैंक ऑफ इंडिया) उज्जैन द्वारा 22 अगस्त से चल रहे प्रथम 30 दिवसीय राजमिस्त्री प्रशिक्षण सत्र का आज समापन किया गया। इस अवसर पर अग्रणी जिला प्रबंधक बलराम बैरागी, जिला पंचायत से परियोजना अधिकारी प्रधानमंत्री आवास योजना अजय भालसे मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस प्रशिक्षण सत्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे उम्मीदवारों को नई तकनीक से भवन निर्माण के बारे मे विस्तार से समझाया गया तथा सम्पीड़ित स्थिर मिट्टी के ब्लॉक बनाने की तकनीक तथा उन्हें बनाने का प्रायोगिक ज्ञान भी कराया गया। यह ब्लॉक पर्यावरण के अनुकूल रहते हैं तथा मजबूत भी अपेक्षाकृत अधिक होते हैं। इन ब्लॉक से बने भवनों में तापमान भी काफी कम रहता है। तकनीकी ज्ञान के साथ साथ उन्हें उद्यमिता विकास से संबंधित विषयों के बारे में समझाया गया। अतिथियों ने उन्हें प्रमाण पत्र वितरित कर उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। संचालन प्रवीण सक्सेना ने किया। संस्थान निदेशक एएस मालवीय ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्थान की शिल्पा निगम, कपिल वर्मा, संदीप जैन, कृष्णा, रमाकांत पुरोहित सहित पूरा स्टाफ उपस्थित था।

### परंपरा को जीवन से अलग नहीं किया जा सकता

**उज्जैन।** शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वर्तमान नई शिक्षा नीति में भारतीय ज्ञान परंपरा को सैद्धांतिक रूप से विद्यार्थियों में प्रसारित करने के लिए पाठ्यक्रम में भारतीय ज्ञान परंपरा को सम्मिलित किया गया है। इसी को प्रायोगिक रूप में भी विभिन्न प्रतियोगिताओं के द्वारा समझाया जा रहा है। भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. आनंद सिंदल के संयोजन में महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा में हिंदी साहित्य की भूमिका विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता के प्रारंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय भार्गव ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा को हमारे जीवन से अलग नहीं किया जा सकता। यह संस्कृति और साहित्य के माध्यम से हमारे जीवन में रची बसी है। प्रतियोगिता में करीब 20 छात्राओं ने भाग लिया जिसमें प्रथम स्थान पर कुमारी चंचल चौरसिया, द्वितीय स्थान पर दो छात्राएं कुमारी प्रियांशी चौहान, कुमारी वैष्णवी मालाकार रहीं, तृतीय स्थान पर भी दो छात्राएं रहीं कुमारी रितिका थनवार एवं कुमारी राधिका सोलंकी रहीं। निर्णायक की भूमिका में डॉ. मनीष परमार, डॉ. पूजा साहू एवं डॉ. योगिता खटके रहें। डॉ. महेंद्र जैन, डॉ. कविता जैन मंगलम, डॉ. आनंद सिंदल, डॉ. रूपा भावसार, डॉ. अंजना बुंदेला, डॉ. भावना नागर, डॉ. पियूष पांडे आदि प्राध्यापकों की उपस्थिति रही।



### 250 तरह की दवाइयां वितरित

**उज्जैन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर भाजपा द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 37 में पार्षद एवं झोन अध्यक्ष सुरेंद्र मेहर के नेतृत्व में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें वार्ड वासियों का दक्ष चिकित्सकों द्वारा नि :शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही 80 तरह की जांचे एवं 250 तरह की दवाइयां नि :शुल्क वितरण की गई। आंगनबाड़ी द्वारा पोषण माह के अंतर्गत पोषण आहार बच्चों को दिया गया एवं पालकों को स्वास्थ्य के प्रति जानकारी उपलब्ध कराई गई। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम सभापति कलावती यादव उपस्थित रहीं। साथ ही मंडल अध्यक्ष गजेंद्र खत्री, कल्याण शिवहरे, प्रमिला यादव, प्रेमलता बैंडवाल, सुहास वैद्य, मनोज नागदेव, गोपाल वाडिया, नितिन मेहर, संतोष यादव, ममता बैंडवाल आदि वार्ड के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### समाज के जिलाध्यक्ष बने योगेश मीणा



**उज्जैन।** मध्यप्रदेश मीणा समाज सेवा संगठन भोपाल के प्रदेश अध्यक्ष राम निवास रावत पूर्व मंत्री मध्य प्रदेश शासन ने संगठन में उज्जैन जिला अध्यक्ष पद पर योगेश मीणा को मनोनीत किया। योगेश मीणा के मध्यप्रदेश मीणा समाज सेवा संगठन जिलाध्यक्ष बनने पर समाज के वरिष्ठ प्रदेश महामंत्री सत्यनारायण मीणा, पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष अनंतनारायण मीणा, सुरेश देशवाली, प्रदेश उपाध्यक्ष जुगनू धनावत, जगदीश जारेडा, रतन सिंह चादा, करण सिंह मीणा, रूपनारायण मीणा, रामेश्वर मीणा, रामु दा, मंगल सिंह सतावन, छीतरसिह डुमाल, शशि जारेडा, शिवनारायण मीणा, विष्णु मीणा, रतन सिंह बामणावत, गणपतलाल बेपलावद, दिनेश चंद वाडा, विजय पटेल, शैलेंद्र सिंह जारेड़ा, बालमुकुंद देवड़वाल, मदनलाल रतलाम, कमलेश कजैरिया, सतीश चांदा, पंकज, डॉ. अंकित मीणा, प्रमिला मीणा, मुन्ना मीणा इंदौर ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई प्रेषित की।

# सिंहस्थ में आएंगे 30 करोड़ मेहमान, उज्जैन बनेगा मेजबान, दुनिया देखेगी शान

## संभागायुक्त ने नगर निगम के निर्माणाधीन कार्यों का किया निरीक्षण, सभी जंक्शनों पर नंबरिंग के दिए आदेश, उज्जैन कलेक्टर सिंह भी रहे साथ



**उज्जैन।** विश्व प्रसिद्ध महाकाल की नगरी उज्जैन सिंहस्थ महाकुंभ 2028 की मेजबानी के लिए सजधज कर तैयार हो रही है। करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़े इस महापर्व को सफल और यादगार बनाने के लिए सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह शिद्दत से जुट गए। प्रयागराज में जिस तरह महाकुंभ के दौरान 60 करोड़ श्रद्धालु आए थे ऐसे में उज्जैन में 30 करोड़ मेहमानों के आने की तैयारी की जा रही है, यही कारण है कि उज्जैन ऐसी मेजबानी करना चाहता है कि यह शान दुनिया देखे।

संभागायुक्त ने शनिवार को नगर निगम, विकास प्राधिकरण और अन्य विभाग मिलकर निर्माण कार्यों को अंतिम रूप देने में जुट गए हैं। इसी क्रम में शनिवार को संभागायुक्त आशीष सिंह ने विभिन्न निर्माणाधीन कार्यों का स्थल निरीक्षण किया और अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। इसी के साथ उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर भी खास जोर दिया। जिला पंचायत सीईओ श्रेयांस कुमट को निर्देशित किया गया कि सभी निर्माण कार्यों की नियमित जांच हो और गुणवत्ता रिपोर्ट समय-समय पर संधारित की जाए। सिंहस्थ केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि यह सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक विकास का भी अवसर है। इस बार होने वाली तैयारियों से कई फायदे होंगे, जैसे बेहतर यातायात व्यवस्था, सभी जंक्शन पर वैज्ञानिक तरीके से ट्रैफिक प्रबंधन होने से जाम की समस्या नहीं होगी और श्रद्धालुओं को सुगमता से दर्शन का अवसर मिलेगा।

सड़क, पुल, फ्लाईओवर, पार्किंग और सीवरेज जैसी सुविधाएं स्थायी रूप से उज्जैन की जनता को मिलेंगी। जिससे स्वच्छ और सुंदर नगरी बनेगी। सफाई और कचरा प्रबंधन की नई व्यवस्था के कारण शहर स्थायी रूप से स्वच्छ बनेगा। लाखों श्रद्धालु आने से होटल, परिवहन, हस्तशिल्प और छोटे व्यापारियों को सीधा लाभ होगा। वैश्विक पहचान बनेगी, सिंहस्थ महाकुंभ उज्जैन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाता है। इस बार आधुनिक सुविधाएं इसे और भी खास बनाएंगी। संभागायुक्त आशीष सिंह ने स्पष्ट किया कि सिंहस्थ के बहाने जो विकास कार्य हो रहे हैं। उनका लाभ केवल कुछ दिनों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि उज्जैन के नागरिकों को लंबे समय तक मिलेगा। इस दौरान बनने वाले फ्लाईओवर, चौड़ी सड़कें, जल निकासी व्यवस्था, नए बायपास और यातायात प्रबंधन की तकनीकें शहर को स्थायी सुविधा देंगी।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने नगर निगम, पीडब्ल्यूडी, विद्युत और जल विभाग के अधिकारियों को भी साथ लेकर योजनाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि सभी विभागों का तालमेल आवश्यक है ताकि काम तय समयसीमा में पूरे हो सके। कोई भी विभाग अपनी जिम्मेदारी से पीछे न हटे।

### आशीष सिंह के साथ आसानी-संभागायुक्त ने दिए सख्त निर्देश

सिंह सिंहस्थ मेला अधिकारी होने के साथ-साथ चूंकि उज्जैन संभागायुक्त भी हैं। उज्जैन में ही पूर्व में पदस्थ रह चुके हैं। नगर निगम आयुक्त से लेकर कलेक्टर तक रह चुके हैं। ऐसे में सभी बाकी अफसरों को श्री सिंह के साथ काम करने में आसानी हो रही है। अनुभव की बात करें तो आशीष सिंह मध्य प्रदेश के एक अकेले ऐसे अफसर है जिनके अनुभव का लोहा हर कोई मानता है और कार्यशैली ऐसी की जहां सख्ती की आवश्यकता हो वहां ठोस कार्रवाई और जहां विनम्रता की जरूरत हो वहां सहज उपलब्ध होते हैं। निरीक्षण के दौरान श्री सिंह ने सबसे पहले सभी जंक्शनों की नंबरिंग करने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि जंक्शन पर यातायात व्यवस्था सबसे बड़ी चुनौती होगी, ऐसे में एक स्पेशलिस्ट अधिकारी को ट्रैफिक मोबिलिटी की व्यवस्थित कार्ययोजना बनाने की जिम्मेदारी दी जाए। इससे सिंहस्थ में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को आवाजाही में किसी तरह की दिक्कत न हो। महाकुंभ जैसे भव्य आयोजन में देश-विदेश से करोड़ों लोग आते हैं। प्रशासन का लक्ष्य है कि हर श्रद्धालु को उज्जैन आकर सुविधाजनक, सुरक्षित और स्मरणीय अनुभव मिले। इसके लिए केवल अस्थायी नहीं बल्कि स्थायी बुनियादी ढांचा तैयार किया जा रहा है।

# बदमाशों का नई सड़क मोबाइल दुकान पर धावा

## 35 लाख के मोबाइल चोरी, व्यापारियों का चक्का जाम



**उज्जैन। नई सड़क पर शुक्रवार-शनिवार रात बदमाशों ने मोबाइल दुकान पर धावा बोला और 35 लाख के मोबाइल चोरी कर भाग निकले। वारदात का पता चलने पर क्षेत्र के व्यापारियों ने पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगाते हुए चक्काजाम कर दिया।**

नानाखेड़ा क्षेत्र में रहने वाले अजय जैन नई सड़क पर अरिहंत टेलीकॉम नाम से सैमसंग मोबाइल की दुकान संचालित करते हैं। जहां सभी कंपनियों के मोबाइल बेचे जाते हैं। रात में 3 से 4 बजे के लगभग बदमाशों ने दुकान पर धावा बोला और 35 लाख कीमत के मोबाइल चोरी कर लिए। कोतवाली थाना से कुछ दूरी पर खाराकुआं थाना क्षेत्र की सीमा में हुई चोरी की बड़ी वारदात का पता सुबह दुकानदार अजय जैन के पहुंचने पर चला। बदमाशों ने ताले तोड़कर चोरी को अंजाम दिया था। उन्होंने कोतवाली थाने को सूचना दी लेकिन मामला खाराकुआं क्षेत्र का होने पर शिकायत लेकर पहुंचे। पुलिस ने जांच का आश्वासन दिया इसी बीच क्षेत्र के व्यापारियों का आक्रोश फूट गया। उन्होंने पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगाते हुए नई सड़क पर दोपहर में चक्काजाम कर दिया करीब 1 घंटे तक व्यापारी सड़क पर डटे रहे। उनका कहना था कि बीच बाजार में इतनी बड़ी चोरी होना पुलिस की गश्त पर प्रश्न चिन्ह लगा रही है। व्यापारियों ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे देखें जिसमें 5-6 बदमाश होना सामने आए हैं। लेकिन फुटेज दूरी के होने पर उनके चेहरे स्पष्ट दिखाई नहीं दे रहे थे। व्यापारियों के चक्काजाम की खबर लगते ही सीएसपी राहुल देशमुख मौके पर पहुंचे उन्होंने बदमाशों का जल्द पता लगाने का आश्वासन देकर चक्काजाम समाप्त कराया। व्यापारियों का कहना था कि मई माह में भी शु पाइंट मोबाइल दुकान में चोरी की वारदात हुई थी। वहीं सांवरिया मोबाइल दुकान पर भी बदमाशों ने प्रयास किया था। लेकिन पुलिस अब तक वारदात करने वालों का पता नहीं लगा पाई है। बताया जा रहा है कि पुलिस व्यापारियों के चक्काजाम के बाद पूरे क्षेत्र में लगे कैमरो के फुटेज खंगाल रही है। आशंका जताई गई है कि बदमाशों ने रेकी के बाद वारदात को अंजाम दिया है बदमाशों में स्थानीय और बाहरी शामिल हो सकते हैं।

### गांजे के साथ पकड़ा गांजा तस्कर का भाई

उज्जैन। सामाजिक न्याय परिसर से गांजा तस्कर के भाई को गांजे के साथ पुलिस ने पकड़ा है। दोपहर न्यायालय में पेश कर उसे रिमांड पर लिया गया। आरोपी का भाई कुछ दिन पहले ही गांजे के साथ पुलिस गिरफ्त में आया था। देवास गेट थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि सामाजिक न्याय परिसर अंबेडकर भवन के पीछे एक युवक गांजा लेकर आया है जो नशा करने वालों को बेचने की फिराक में है। पुलिस ने घेराबंदी कर युवक को पकड़ा तो उसके पास से 334 ग्राम गांजा बरामद हो गया। पूछताछ करने पर उसका नाम सुनील गुप्ता होना सामने आया जो गांजा तस्कर संजू चना का भाई था। कुछ दिनों पहले ही संजू चना को भी पुलिस ने गांजे के साथ गिरफ्तार किया था। देवासगेट टीआई अनिल पाराशर ने बताया कि सुनील गुप्ता से न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया। उसके पास से बरामद गंजे की कीमत 20 हजार होना सामने आई है। पूर्व में संजू चना ने कबूल किया था कि उसके पास मिला गांजा भाई सुनील लेकर आया है। उसे वक्त सुनील को भी आरोपी बनाया गया था और गिरफ्तारी पर 5000 का इनाम रखा गया था।

# भाजपा नगर व ग्रामीण ने की प्रबुद्धजन की संगोष्ठी



**उज्जैन।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत शनिवार को भाजपा कार्यालय लोकशक्ति भवन पर भाजपा नगर व ग्रामीण द्वारा प्रबुद्धजन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता विधायक अभिलाष पांडे थे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में बुद्धिजीवी वर्ग, शिक्षाविद, समाजसेवी, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के कार्यकाल, व्यक्तित्व एवं राष्ट्रहित में किए गए उनके अद्वितीय योगदान पर चर्चा करना तथा आने वाले समय के लिए सेवा संकल्प लेना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीनदयाल उपाध्याय व श्यामप्रसाद मुखर्जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर किया गया। स्वागत भाषण नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने दिया।

मीडिया प्रभारी दिनेश जाटवा के अनुसार संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता जबलपुर विधायक अभिलाष पांडे ने प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने न सिर्फ देश को आर्थिक दृष्टि से मजबूत बनाया है, संगोष्ठी को विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, निगम सभापति कलावती यादव ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, ग्रामीण जिलाध्यक्ष राजेश धाकड़, जगदीश अग्रवाल, राजेंद्र भारती, ओम जैन, मीना जोनवाल, कल्याण शिवहरे, अशोक कैथवास, अनिल शिंदे, प्रमिला यादव, सहित बड़ी संख्या में बुद्धिजीवी वर्ग, शिक्षाविद, समाजसेवी, कार्यकर्ता, पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जगदीश पांचाल ने किया। आभार ग्रामीण जिलाध्यक्ष राजेश धाकड़ ने माना।

### गाय के हमले में घायल सब्जी विक्रेता की मौत

उज्जैन। तीन दिन पहले गाय के हमले में घायल हुए सब्जी विक्रेता की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। चिमनगंज थाना पुलिस में बताया कि मेडिकल कॉलेज में 3 दिन से उपचार के लिए भर्ती मायाराम पिता दोलाराम चौहान 66 साल निवासी ग्राम बांदका की शनिवार सुबह मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि मायाराम सब्जी बेचने का काम करता था। 17 सितंबर को बाइक से घर लूटने समय रास्ते में गाय ने हमला कर दिया था जिसमें गंभीर रूप से घायल होने के बाद उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था। चिमनगंज पुलिस ने मामला घटिया थाना क्षेत्र का होने पर मर्ग डायरी जांच के लिए भेजने की बात कही है। इधर नरवर थाना क्षेत्र के ग्राम हर्निया खेड़ी बड़कुम्मेद में रहने वाली करीना पिता भारत सिंह परमार 16 वर्ष कक्षा 12वीं की छात्रा थी। शुक्रवार शनिवार रात घर में उसे सोते समय सांप ने काट लिया था। पिता से अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन रास्ते में ही करीना की मौत हो गई थी। शनिवार सुबह अस्पताल पुलिस चौकी में पोस्टमार्टम कराया। विदित हो कि विगत दिवस भी एक युवक को चामुंडा माता मंदिर के समीप एक सांप ने काट लिया था। लेकिन युवक ने उस सांप को ही पकड़ कर अस्पताल लेकर पहुंच गया और चिकित्सकों को बताया कि इस सांप ने मुझे काटा है। हालांकि वहां पर कुछ देर के लिए अफरा तफरी मच गयी थी। लेकिन युवक बच गया।

# न्यायालय के आदेश पर अमानत में खयानत का केस दर्ज

**उज्जैन।** लोन लेकर खरीदी गई भैंसों की किश्त जमा नहीं करने पर न्यायालय ने भैंसों के साथ सामान कुर्क किया था। जिसे आरोपियों ने बेच कर कोर्ट के आदेश का उल्लंघन किया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने 2 लोगों पर आमानत में खयानत का प्रकरण दर्ज किया है।


महिदपुर थाना प्रभारी नरेन्द्रसिंह परिहार ने बताया कि राघवी थाना क्षेत्र के ग्राम भौरावी में रहने वाले हाकम पिता औंकारलाल और झारड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम लोटिया जुर्नादा में रहने वाले फतेहसिंह पिता औंकारलाल ने 2 साल पहले लोन प्राप्त कर भैंसे खरीदी थी। किश्त जमा नहीं करने पर फायनेंस कंपनी ने न्यायालय में मामला प्रस्तुत किया था। महिदपुर न्यायालय ने जून माह में आदेश जारी कर हाकमसिंह की पांच भैंसों के साथ फतेहसिंह की एक भैंस, कूलर, टीवी कुर्क कर लिया था। दोनों को कुर्क सामान सुपुर्द कर निर्देश दिये गये कि न्यायालय के आदेश अनुसार नीलामी में कुर्क भैंसे और सामान लाना होगा। लेकिन दोनों लोगों ने नीलामी से पहले ही भैंसे बेच दी। नीलामी में कुर्क सामान प्रस्तुत नहीं करने पर न्यायालय ने दोनों के खिलाफ अमानत में खयानत का केस दर्ज करने के आदेश जारी किये। थाना प्रभारी परिहार के अनुसार न्यायालय के आदेश पर दोनों के खिलाफ धारा 316 (2), 406 भारतीय न्याय संहिता का प्रकरण दर्ज कर जांच मे लिया गया है।

### देशी-विदेशी शराब के साथ पकड़ाया युवक

उज्जैन। दो पहिया वाहन पर अवैध शराब लेकर जा रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर देशी विदेशी शराब बरामद की है। युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर पूछताछ की जा रही है। भाटपचलाना पुलिस को सूचना मिली थी कि नीले रंग के दो पहिया वाहन पर अवैध शराब की रखकर एक रुणिजा की ओर से आ रहा है। थाना प्रभारी सतेन्द्र सिंह चौधरी ने अपनी टीम के साथ रुणिजा-बदनावर मार्ग पर घेराबंदी की। कुछ ही समय बाद बताई गई स्कूटी आती दिखाई दी जिसे पुलिस ने रोककर तलाशी ली। स्कूटी के पैरदान, पीछे बंधी पेटियां एवं डिक्की से कुल 05 पेटी अंग्रेजी शराब की 120 बोतलें तथा 70 क्वार्टर देशी प्लेन व मसाला शराब बरामद हुई, जिसकी कुल मात्रा 52 .20 बल्क लीटर पाई गई। पूछताछ में उसने नाम मुकेश पिता कालू निनामा निवासी बदनावर, जिला धार होना बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ अवैध शराब की तस्करी करने का मामला दर्ज किया है।

**पितरों के लिए...** सुबह 4 बजे बाद से श्रद्धालुओं की लंबी लाइन, शिप्रा के रामघाट पर भी रही भीड़

# श्राद्ध की चतुर्दशी पर सिद्धवट में दूध चढ़ाकर गया कोठा पर हजारों लोगों ने किया तर्पण





**नवभारत न्यूज**

**उज्जैन।** श्राद्ध की चतुर्दशी पर शनिवार को धार्मिक नगरी उज्जैन में भैरवगढ़ स्थित सिद्धवट पर दूध चढ़ाने के लिए श्रद्धालु उमड़े तो अंकपात पर गयाकोठा में पितरों की आत्मशांति के लिए तर्पण पूजन कराने के लिए हजारों श्रद्धालु उमड़े। शिप्रा के रामघाट पर भी सुबह से पिंडदान आदि पूजन के लिए भीड़ लगी रही।

अंकपात स्थित गया कोठा का धार्मिक महत्व है। कहते है कि बिहार के गया तीर्थ के समान उज्जैन में यह गया कोठा तीर्थ है जहां श्राद्ध पक्ष में श्रद्धालु पितरों की आत्मशांति के लिए तर्पण करने पहुंचते हैं। चतुर्दशी पर तो इसका खास महत्व होता है। गया कोठा तीर्थ में भगवान विष्णु और सप्त ऋषि के चरण स्थित हैं। यहां भी श्रद्धालुओं ने दूध अर्पित कर पितृ कर्म संपन्न किया। इसलिए यहां अल सुबह से ही लोग पहुंचने लगे। वहीं सिद्धवट पर भी दूध चढ़ाने के लिए सुबह 4 बजे के बाद से श्रद्धालुओं की कतार लगनी शुरू हो गई थी।

### आज सर्वपितृ अमावस्या पर श्राद्ध का समापन, सूर्य ग्रहण लगेगा...!

आज रविवार को सर्वपितृ अमावस्या के साथ ही श्राद्ध पक्ष समाप्त हो जाएगा। इसके अगले दिन से नवरात्रि पर्व शुरू होगा। अमावस्या पर लोग शिप्रा में स्नान कर दान-पुण्य करेंगे। सर्वपितृ अमावस्या को सूर्य ग्रहण भी लग रहा है। लेकिन यह भारत में दिखाई नहीं देगा इसलिए इसकी यहां मान्यता भी नहीं रहेगी। घाटों पर पंडितों से पितरों के निमित्त पिंडदान, तर्पण पूजन आदि कराएंगे। श्राद्ध पक्ष में वैसे तो लोग प्रतिदिन अपने पूर्वजों की मृत्यु तिथि के अनुसार घर में धूप-ध्यान कर, ब्राह्मण भोजन कराकर उनका श्राद्ध करते हैं। लेकिन कई लोग ऐसे है जिनकों अपने पूर्वजों की मृत्यु तिथि ज्ञात नहीं होती। इसलिए वे लोग श्राद्ध की अमावस्या पर पूर्वजों के निमित्त पूजन आदि कर श्राद्ध कर सकते हैं।

### उमा-सांझी उत्सव में आज रात 11 बजे से होगा उमा का जागरण

महाकाल मंदिर में चल रहे उमा-सांझी उत्सव के पांचवें दिन रविवार को रात में उमा माता का जागरण होगा। यह जागरण रात में शयन आरती के बाद 11 बजे से प्रारंभ होगा जो कि अल सुबह 3 बजे यानी भस्मारती शुरू होने के पहले तक चलेगा। जागरण में श्री वीर हनुमान भक्त मंडल कार्तिकचौक उज्जैन की मंडली पंडित जस्सू गुरु महाराज के सानिध्य में भजनों की प्रस्तुति देगी। सुंदरकांड का पाठ भी किया जाएगा। मंडली द्वारा बाबा महाकाल के दरबार में उमा माता का जागरण कर वर्षों से चली आ रही परंपरा का निर्वहन करेगा। जागरण के साथ ही पांच दिनी महोत्सव का समापन होगा। इसके बाद 22 सितंबर को मंदिर समिति द्वारा कन्या भोजन कराया जाएगा एवं अगले दिन यानी 23 सितंबर को नगर में उमा माता की सवारी निकाली जाएगी।